Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

Samas Vigrah Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

Hindi Samas Vigrah Quiz 1

दिशानिर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़ें तथा सही उत्तर का चयन करें:

1. शब्द "राजकुमार" में कौन-सा समास है?

A. बहुब्रीहि समास B. तत्पुरुष समास C. कर्मधारय समास

D. द्वन्द समास E. द्विगु समास

2. शब्द "गगनचुम्बी" में कौन-सा समास है?

A. अपादान तत्पुरुष B. कर्म तत्पुरुष C. सम्बन्ध तत्पुरुष

D. करण तत्पुरुष E. बहुब्रीहि समास

3. दिए गए विकल्पों में कौन-सा शब्द कर्म तत्पुरुष का एक प्रकार नहीं है?

A. चिड़ीमार B. ग्रामगात C. जेबकतरा

D. रथचालक E. करुणापूर्ण

4. शब्द "प्रयोगशाला" में कौन-सा समास है?

A. अपादान तत्पुरुष B. सम्प्रदान तत्पुरुष C. सम्बन्ध तत्पुरुष

D. कर्म तत्पुरुष E. अधिकरण तत्पुरुष

Smartkeeda
The Question Bank

5. शब्द "पदच्युत" में कौन-सा समास है?

A. करण तत्पुरुष B. अपादान तत्पुरुष C. सम्प्रदान तत्पुरुष

D. सम्बन्ध तत्पुरुष E. कर्म तत्पुरुष

6. शब्द "चरणकमल" में कौन-सा समास है?

A. तत्पुरुष समास B. कर्मधारय समास C. द्वन्द-समास

D. द्विगु-समास E. बहुब्रीहि समास

7. शब्द "चतुर्भुज" कौन-सा समास है?

A. द्वन्द समास B. बहुब्रीहि समास C. द्विगु समास

D. B और C दोनों E. कर्मधारय समास

8. शब्द "चंद्रमौलि" में कौन-सा समास है?

A. द्वन्द समास B. बहुब्रीहि समास C. द्विगु समास

D. B और C दोनों E. कर्मधारय समास

9. शब्द “अनुकूल” में कौन-सा समास है?

A. बहुब्रीहि B. तत्पुरुष C. कर्मधारय

D. द्वन्द E. अव्ययीभाव

10. शब्द “कपड़ा-लत्ता” में कौन-सा समास है?

A. बहुब्रीहि B. तत्पुरुष C. कर्मधारय

D. द्वन्द E. अव्ययीभाव

Smartkeeda
The Question Bank

Correct answer:

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
B	B	E	B	B	B	D	B	E	D

Explanation:

1. शब्द "राजकुमार" का अर्थ होता है "राजा का कुमार" अर्थात "राजा का लड़का"। यहाँ "लड़का" की पहचान यह है कि वह राजा का लड़का है, अतः यहाँ बाद का पद अर्थात उत्तरपद प्रधान है और दोनों पदों के बीच कारक का चिन्ह है। अतः यह तत्पुरुष समास है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

2. शब्द "गगनचुम्बी" का अर्थ होता है "गगन को चूमने वाला"।

यहाँ "कर्म कारक" अर्थात "को" शब्द का उपयोग किया गया है , अतः यहाँ कर्म-तत्पुरुष समास है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

3. जिस समास में उत्तर पद अर्थात बाद का पद प्रधान हो और दोनों पदों के बीच में कर्म कारक अर्थात "का" का चिन्ह आए तो कर्म तत्पुरुष समास होता है।

यहाँ, "चिड़ीमार" अर्थात "चिड़ियों को मारने वाला", तथा "ग्रामगात" अर्थात "ग्राम को जाने वाला", तथा "जेबकतरा" अर्थात "जेब को कतरने वाला", तथा "रथचालक" अर्थात "रथ को चलने वाला", तथा "करुणापूर्ण" अर्थात "करुणा से पूर्ण"।

अतः करुणापूर्ण के अलावा सभी शब्दों में कर्म तत्पुरुष समास है।

अतः विकल्प E सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

4. शब्द "प्रयोगशाला" का अर्थ होता है "प्रयोग के लिए शाला"। यहाँ उत्तर पद प्रधान है तथा दोनों पदों के बीच में "के लिए" शब्द का प्रयोग हुआ है ,अतः यहाँ सम्प्रदान तत्पुरुष का प्रकार है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

5. शब्द "पदच्युत" का अर्थ होता है "पद से च्युत", अर्थात "पद से निष्कासित" किया हुआ। यहाँ पद से निकाला गया है, अतः यहाँ पद से इंसान का सम्बन्ध टूट रहा है।

अतः यह एक अपादान तत्पुरुष का एक प्रकार है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

6. शब्द "चरणकमल" का अर्थ होता है "कमल के समान चरण"।

वह समास जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है अथवा पूर्वपद एवं उत्तरपद में उपमान – उपमेय का सम्बन्ध माना जाता है कर्मधारय समास कहलाता है। इस समास का उत्तरपद प्रधान होता है एवं विगृह करते समय दोनों पदों के बीच में "के सामान", "है जो", "रुपी" में से किसी एक शब्द का प्रयोग होता है।

अतः चरणकमल में कर्मधारय समास होगा।

अतः विकल्प B सही चयन है।

7. “चतुर्भुज” अर्थात “चार भुजाओं” वाला, यदि हम इस शब्द को ध्यान से अध्ययन करें तो होता है कि यहाँ “चार” एक संख्यापद है, अतः यह एक द्विगु समास का प्रकार होगा, परन्तु चतुर्भुज, भगवान विष्णु का भी एक नाम है, “चतुर्भुज” अर्थात “चार भुजाओ वाले” अर्थात “भगवान विष्णु”। अतः इस शब्द में दोनों समास है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

8. शब्द “चंद्रमौलि” का अर्थ होता है “चंद्र हो जिसके मौली पर” अर्थात “चंद्र हो जिसके माथे पर” अर्थात “भगवान शिव”।

इस शब्द में कोई भी पद प्रधान नहीं है और दोनों पद मिलकर तीसरे पद का अर्थ प्रकट कर रहे हैं. अतः यहाँ बहुब्रीहि समास होगा।

अतः विकल्प B सही चयन है।

9. शब्द “अनुकूल” का अर्थ होता है “कुल के अनुसार”।

इस समास में पहला पद (पूर्व पद) प्रधान होता है और पूरा पद अव्यय होता है।

इसमें पहला पद उपसर्ग होता है जैसे अ, आ, अनु, प्रति, हर, भर, नि, निर, यथा, यावत आदि।

अतः यहाँ अव्ययीभाव समास है।

अतः विकल्प E सही चयन है।

10. यहाँ दिए गए शब्द “कपड़ा-लत्ता” में दोनों ही पद प्रधान है, अतः द्वन्द समास का प्रकार है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations
JOIN NOW